# उत्तराखंड में भारी बारिश की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया रेड अलर्ट

**चंपावत/टीम एक्शन इंडिया**
मौसम विभाग ने प्रदेश में 24 जून से 26 जून तक तेज बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों में आकाशीय बिजली चमकने, भारी बारिश के साथ ही तेज झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है।
मौसम विज्ञान विभाग देहरादून द्वारा जारी मौसम पूवार्नुमान के अनुसार 26 एवं 27 जून को राज्य में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी बारिश होने के संभावना है। साथ ही दक्षिणी-पश्चिमी मानसून के भी अगले 2 दिन में उत्तराखंड पहुंचने की संभावना है। जिलाधिकारी व जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अध्यक्ष नरेंद्र सिंह भंडारी द्वारा बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत चम्पावत के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में 5 दिवसीय (26 जून से 30 जून) अवकाश घोषित किया गया है।

## प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**8 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखंड के प्रति गहरा लगाव होने के कारण ही उत्तराखंड में जी20 की तीन बैठकों के आयोजन की स्वीकृति प्रदान की गई**

**देहरादून**
प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद ने जी20 चीफ साइंस एडवाइजर्स राउंड टेबल (सीएसआईआर) सम्मेलन के सफलतापूवर्क संपन्न होने के लिए मुख्यमंत्री


पुष्कर सिंह धामी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है।
मुख्यमंत्री धामी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखंड के प्रति गहरा लगाव होने के कारण ही उत्तराखंड में जी20 की तीन बैठकों के आयोजन की स्वीकृति प्रदान की गई। केंद्र सरकार के सहयोग से जी20 की दो बैठकें रामनगर एवं नरेन्द्रनगर में सफलतापूर्वक सम्पन्न की जा चुकी हैं। रामनगर जनपद में जी20 चीफ साइंस एडवाइजर्स राउंड टेबल की बैठक 28 से 30 मार्च के मध्य आयोजित हुई थी।

## दंपति की मौत मामले में आया नया मोड़

**8 बंद कमरे में मृत मिले दंपती काशिफ और अनम प्रकरण में अब अनम का एक वीडियो वायरल हो रहा है।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
क्लेमेंटटाउन क्षेत्र के टर्नर रोड स्थित एक घर के कमरे में पति-पत्नी के सड़े-गले शव बरामद हुए थे। दोनों शव कमरे के फर्श पर पड़े थे। इनके बीच में उनका पांच दिन का नवजात बिलख रहा था। दंपति की मौत मामले में अब नया मोड आया है। क्लेमेंटटाउन क्षेत्र में मकान के बंद कमरे में मृत मिले दंपती काशिफ और अनम प्रकरण में अब अनम का एक वीडियो वायरल हो रहा है। यह वीडियो अनम का मरने से पहले का बताया जा रहा है। वीडियो में महिला अपने भाई पर उसे और उसके पति को मारने की



योजना बनाने का आरोप लगा रही है।
वायरल वीडियो में महिला कह रही है कि उसके भाई उसे और उसके पति को मारने की तैयारी कर रहे थे। उसके पति को झूठे केस में फंसाने की तैयारी की जा रही थी। उसके भाई ने उसे बहुत परेशान किया, नींद की गोलियां तक खिलाईं। महिला वीडियो में यह भी कह रही है कि वीडियो बनाने का उद्देश्य है कि उसकी मौत के बाद किसी को परेशान न किया जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व हिंदू महासंघ उत्तराखंड का शपथ ग्रहण समारोह 30 जून को

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
विश्व हिंदू महासंघ की उत्तराखंड इकाई का शपथ ग्रहण समारोह 30 जून को हरिद्वार में आयोजित किया जाएगा। इसी दिन हिंदू जागरण स्वाभिमान यात्रा का निर्णय होगा।
विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद त्यागी ने बताया कि कार्यक्रम में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड सहित अन्य प्रांतों के पदाधिकारी शिरकत करेंगे। उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष अनुराग धीमान एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सहदेव सिंह को कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ गणमान्य संत समाज भी उपस्थित रहेगा। समारोह में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री योगी राजकुमार नाथ, उपाध्यक्ष महामंडलेश्वर सत्यानंद गिरी, योग गुरु दीपांकर महाराज, राष्ट्रीय सचिव विक्रम गोस्वामी, हरीश वर्मा सहित उत्तर प्रदेश गो रक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष योगिंद्र सिंह, यूपी प्रदेश मंत्री पंकज वालिया, बिल्लू प्रधान मेरठ मंडल प्रभारी उपस्थित रहेंगे। इसी समय हिन्दू जागरण स्वाभिमान यात्रा के आयोजन को अंतिम रूप दिया जाएगा। समारोह को विश्व हिंदू महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष कालिका पीठाधीश्वर महंत सुरेंद्र नाथ अवधूत संबोधित करेंगे।

### समुदाय विशेष के युवक ने नाबालिग को बनाया हवस का शिकार, फिर कराया गर्भपात

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
देहरादून में एक समुदाय विशेष के युवक द्वारा एक नाबालिग से दुष्कर्म और गर्भपात करवाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।
जानकारी के अनुसार, नाबालिग के पिता ने पुलिस को शिकायत दर्ज कर बताया कि ओवेस पुत्र जुल्फिकार निवासी इरफान वाली गली गांधीग्राम उनकी बेटी को आते जाते परेशान करता था। एक दिन उसने घर में घुसकर उनकी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म किया। जब उसके गर्भवती होने की बात सामने आई तो उसकी इच्छा के बगैर उसका गर्भपात करा दिया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह में सोने की परत चढ़ाने का मामले में उच्चस्तरीय जांच कमेटी गठित करने का निर्देश



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह की दीवारों पर सोने की परत चढ़ाने पर उठे विवाद को लेकर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने सचिव धर्मस्व हरिचंद्र सेमवाल को जांच के निर्देश देकर गढ़वाल कमीश्नर की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित करने को कहा है। जांच कमेटी में तकनीकी विशेषज्ञों के साथ-साथ सुनार को भी शामिल करने की बात कही गई है।
सतपाल महाराज ने कहा कि विपक्षी दल आस्था से जुड़े इस मामले को अनावश्यक तूल देकर चारधाम यात्रा में खलल डालने की कुचेष्टा न करे। गढ़वाल कमीश्नर की अध्यक्षता में जांच कमेटी के गठित करने के निर्देश दिए जा चुके हैं जो भी दोषी पाया जायेगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।
उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार धार्मिक आस्था से जुड़े इस मामले को लेकर बेहद संवेदनशील है। मेरा विनम्र आग्रह है कि इस प्रकार के मामलों को विवादों में न डाला जाए। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अधिनियम-1939 में निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप ही दानी दाता से दान स्वीकारा गया है और श्री केदारनाथ मंदिर के गर्भ गृह को स्वर्ण मंडित करने के लिए प्रदेश शासन से अनुमति ली गई।
सतपाल महाराज ने कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के विशेषज्ञों की देख देख में ही स्वर्ण मंडित करने का कार्य किया गया था। बीकेटीसी द्वारा केदारनाथ मन्दिर के गर्भगृह की दीवारों पर सोने की परत चढ़ाने की अनुमति दानी दाता की पावन भावना के अनुरूप दी गई।

## भिकियासैंण में पिकअप वाहन खाई में गिरा, दो महिलाओं की मौत

**अल्मोड़ा/टीम एक्शन इंडिया**
भिकियासैंण क्षेत्र में दल्मोड़ी-बघाड़ मोटर मार्ग पर एक पिकअप वाहन खाई में गिर गया। दुर्घटना में 2 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल है। उसे हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया है।
जानकारी के अनुसार भिकियासैंण तहसील के दल्मोड़ी-बघाड़ मोटर मार्ग पर बघाड़ के समीप शुक्रवार सुबह एक पिकअप अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। दुर्घटना में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि वाहन चालक कुंवर सिंह घायल है। उसे सीएचसी भिकियासैंण में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है।

## हेलंग-मारवाड़ी बाईपास मोटर मार्ग के विरोध में व्यापारियों ने किया बाजार बंद

**8 शासन ने बाईपास निर्माण पर लगी रोक हटाते हुए चमोली जिला प्रशासन को काम शुरू कराने की सशर्त अनुमति दे दी है।**

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के जोशीमठ नगर क्षेत्र को बाईपास करते हुए बन रहा हेलंग-मारवाड़ी बाईपास मोटर मार्ग के विरोध में शुक्रवार को जोशीमठ के व्यापार संघ ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर जुलूस प्रदर्शन किया। साथ ही जब व्यापारी हेलंग बाईपास के पास का कार्य रोकने के लिए हेलंग पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, जिससे व्यापारियों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक के साथ



धक्का मुक्की भी हुई। व्यापारियों के इस आंदोलन को ज्योर्तिमठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने भी अपना समर्थन दिया है। बताया गया कि जब से जोशीमठ नगर क्षेत्र भू-धंसाव की जद में आया है तब से यहां पर लोगों को काफी दिक्कतों से गुजरना पड़ रहा है। इस वर्ष यात्रा काल में भी यहां पर स्थानीय व्यापारियों का रोजगार काफी मंदा चल रहा है। केंद्र सरकार की ओर से जोशीमठ के निचले हिस्से से हेलंग-मारवाड़ी बाइपास मोटर मार्ग का निर्माण कार्य तेज गति से शुरू करवा दिया गया है। इससे जोशीमठ के व्यापारियों पर इसका बुरा असर पड़ेगा। इसी को देखते हुए व्यापारियों से लेकर स्थानीय लोग इस मोटर मार्ग का विरोध कर रहे हैं। इसी कड़ी शुक्रवार को व्यापार संघ जोशीमठ के नेतृत्व में व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखा और बाइपास मोटर मार्ग के विरोध जुलूस प्रदर्शन किया। व्यापारियों का यह जुलूस प्रदर्शन जोशीमठ नगर क्षेत्र से होता हुआ हेलंग तक पहुंचा। व्यापारी मोटर मार्ग निर्माण का कार्य रोकने जाने का प्रयास कर रहे थे तो वहां पर लगी पुलिस टीम ने उन्होंने रोका, जिससे यहां पर तीखी नोकझोंक हुई। व्यापार संघ के अध्यक्ष नैन सिंह भंडारी ने कहा कि एक तो व्यापारी पहले ही भू-धंसाव के कारण आर्थिकी से जूझ रहा है ऊपर से अब जोशीमठ को बाइपास करते हुए हेलंग-मारवाड़ी मोटर मार्ग का निर्माण किया जा रहा है।

## पति-पत्नी की हत्या मामले में आरोपी गिरफ्तार

**8 दोनों की पहचान कासिफ और उसकी पत्नी अनम निवासी सहारनपुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई थी**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
देहरादून के क्लेमेनटाउन में पति-पत्नी की हत्या मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पति-पत्नी के शव टर्नर रोड स्थित मकान में पाए गए थे। दोनों की पहचान कासिफ और उसकी पत्नी अनम निवासी सहारनपुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई थी। ये यहां जोशियाड़ा निवासी सोहेल के मकान में चार महीने से रह रहे थे। इनका चार-पांच दिन का



बच्चा भी है। मामले में दोनों की हत्या का आरोप अनम के भाई पर लगाया गया था। जिस पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल किया है।
पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## एसएसपी ने मासिक अपराध समीक्षा बैठक ली

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
एसएसपी पंकज भट्ट ने शुक्रवार को मासिक अपराध समीक्षा बैठक लेते हुए अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसएसपी ने कहा कि अधीनस्थ थाना-चैकियों में आने वाले फरियादियों की फरियाद को गंभीरता से लेते हुए उस पर त्वरित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। साथ ही अपराध नियंत्रण के लिए ठोस कार्य योजना बनाएं। अवांछित तत्वों व संदिग्धों पर कार्रवाई करें।
एसएसपी ने कहा कि अपने-अपने चौकी क्षेत्र में रह रहे किराएदारों व बाहरी लोगों का सत्यापन करना सुनिश्चित करें। साथ ही क्षेत्र में घूमने वाले फड़-फेरी वालों का भी सत्यापन अनिवार्य रूप से करें।

## मुख्यमंत्री धामी के भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड को साकार करने की दिशा में जुटे विभाग



**देहरादून**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में सरकारी तंत्र पूरी मुस्तैदी से जुट गया है। इसी कड़ी में सतर्कता विभाग ने भ्रष्ट अधिकारी एवं कार्मिकों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू की है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि देवभूमि उत्तराखंड को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर सरकार संकल्पित है। इस दिशा में भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री धामी ने सतर्कता विभाग को घूसखोरी और कदाचार के मामलों में प्रभावी नियंत्रण के लिए भी सजगता से कार्य करने के लिए निर्देश दिये गये हैं। मुख्यमंत्री के निदेर्शों के क्रम में सतर्कता विभाग की ओर से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मौजा जाखन, कोचर कॉलोनी, जाखन पश्चिम, ऑफिसर्स कॉलोनी राजपुर रोड पर गलत तरीके से जमीनों पर अवैध कब्जा प्रकरण में दोषी अभियुक्त सेवा निवृत्त लेखपाल कुशाल सिंह राणा पुत्र स्व. जूरा सिंह तथा अभियुक्त राजेन्द्र डबराल पुत्र स्व. इंद्रमणि डबराल के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोजन चलाने की अनुमति दी गई।इसी तरह जमीन की सही रिपोर्ट लगाने के एवज में रिश्वत मांगने के संदर्भ में अभियुक्त महिपाल सिंह लेखपाल तहसील लक्सर, के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के अंतर्गत अभियोजन चलाए जाने, वरिष्ठ भंडारक रजनीश कुमार पांडे गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति अर्जित किये जाने के संबंध में अभियोग पंजीकृत किये जाने की अनुमति दी गई है। भूपेन्द्र कुमार मुख्य महाप्रबंधक वित्त उत्तराखण्ड परिवहन निगम के विरुद्ध पद का दुरुपयोग करने, भ्रष्टाचार में लिप्त की बात आने पर खुली सतर्कता जांच की अनुमति दी गई है।

## आयुर्वेद विवि के वित्त अधिकारी अमित जैन को हटाने की मांग

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय (यूएयू) के वित्त अधिकारी अमित जैन के विरुद्ध कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया है। कर्मचारियों ने अमित जैन को हटाए जाने की मांग की है।
प्रशासनिक भवन में कर्मचारियों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कर्मचारियों ने वित्त अधिकारी अमित जैन पर मनमानी, अनावश्यक खरीद फरोख्त करने तथा विश्वविद्यालय की समस्त निधियों को खर्च कर आर्थिक नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की। कर्मचारियों ने कहा कि प्रशासनिक कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप करने, डराने धमकाने,



नौकरी से हटाने तथा समय से वेतन भुगतान न करने पर विश्वविद्यालय प्रबंधन के विरुद्ध नारेबाजी की गई है। कर्मचारियों ने कहा कि जब से वित्त अधिकारी अमित जैन की तैनाती की गई है तब से शासकीय धन की अनावश्यक बर्बाद हो रही है। विश्वविद्यालय उप कुलसचिव संजीव कुमार पांडे द्वारा कर्मचारियों की बातचीत कुलसचिव से कराई गई तथा मांगे न माने जाने की दशा में सचिव आयुष एवं मुख्यमंत्री से भी वार्ता कराने का आश्वासन दिया गया। कर्मचारियों को आश्वस्त किया गया कि अब किसी का भी उत्पीड़न नहीं होगा।

## बेलड़ा प्रकरण लगातार पकड़ता जा रहा तूलः अब रुड़की में महापंचायत का एलान, पुलिस-प्रशासन अलर्ट

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
बेलड़ा निवासी पंकज की मौत के बाद 12 जून को जमकर बवाल हुआ था। इस मामले में पांच अलग-अलग केस दर्ज हो चुके हैं। जिसमें पुलिस और दूसरी जाति के लोगों पर डकैती समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज भी है। जबकि बवाल मामले में 56 समेत सैकड़ों अज्ञात पर केस दर्ज है।
बेलड़ा प्रकरण लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। रोड़ बिरादरी के पक्ष में राजेंद्र आर्या की ओर से एक वीडियो डाला गया है। वीडियो में राजेंद्र आर्या की ओर से बेलड़ा में महापंचायत करने का एलान किया गया है।
इसके साथ ही किसानों और बिरादरी के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में बेलड़ा पहुंचने की अपील की जा रही है। हालांकि, वीडियो में महापंचायत की तारीख का एलान नहीं किया गया है।
उधर, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही जिलेभर का पुलिस-प्रशासन अलर्ट हो गया है। साथ ही महापंचायत को टालने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।
बेलड़ा में बनेगी पीस कमेटी
बेलड़ा गांव में हुए बवाल के बाद पुलिस-प्रशासन की ओर से गांव में आपसी प्रेमभाव और भाईचारा कायम करने के लिए पीस कमेटी बनाने का निर्णय लिया है। पीस कमेटी में दोनों पक्षों की ओर से पांच-पांच लोग शामिल होंगे। ये सभी गांव के मामले पर आपस में चर्चा करेंगे और अपने अपने पक्ष के लोगों से वार्ता करेंगे। साथ ही गांव में



भविष्य में कोई घटना न हो इसके लिए ग्रामीणों को जागरूक करेंगे।
महिला का शांतिभंग में चालान
गंगनहर कोतवाली क्षेत्र स्थित सुभाष नगर निवासी चारु बुधवार अपनी बहन से विवाद कर रही थी। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला को समझाने का प्रयास किया था, लेकिन महिला झगड़ा करती रही। इस पर पुलिस महिला को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई और शांतिभंग में चालान कर दिया।
ईद को लेकर ली बैठक
गंगनहर कोतवाली प्रभारी बीएल भारती की ओर से बृहस्पतिवार को ईद को लेकर सीएलजी मैंबर्स और ग्राम प्रधानों की बैठक ली। साथ ही ईद का त्योहार आपसी भाईचारा के साथ मनाने की अपील की। इस दौरान एसआई अनिल बिष्ट और अशोक रावत मौजूद रहे।
अनुसूचित जाति के लोगों पर बर्बरतापूर्ण हुई कार्रवाई : कांग्रेस
बेलड़ा में हुए बवाल को लेक नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश अध्यक्ष ने गांव में पहुंचकर अनुसूचित जाति के लोगों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। साथ प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए अनुसूचित जाति के लोगों की रक्षा करने में नाकाम रहने का आरोप लगाया। मामले में न्यायिक जांच की मांग की। बेलड़ा निवासी पंकज की मौत के बाद 12 जून को जमकर बवाल हुआ था। इस मामले में पांच अलग-अलग केस दर्ज हो चुके हैं। जिसमें पुलिस और दूसरी जाति के लोगों पर डकैती समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज भी है। जबकि बवाल मामले में 56 समेत सैकड़ों अज्ञात पर केस दर्ज है। इस मामले में लगातार कई राजनीतिक दलों की निष्पक्ष जांच की मांग उठ रही है। बृहस्पतिवार को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने गांव पहुंचकर मृतक पंकज के परिवार और अन्य लोगों सेवार्ता की।
जेल में बंद निर्दोष लोगों को छोड़ा जाए
इस दौरान मीडिया से वार्ता के दौरान नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में अनुसूचित जाति के लोगों पर बर्बरतापूर्ण कार्रवाई की जा रही है। बेलड़ा प्रकरण में महिलाओं और बच्चों को भी नहीं बख्शा गया है। कहा कि भाजपा के राज में लगातार अनुसूचित जाति के लोगों का उत्पीड़न हो रहा है और अपराध चरम सीमा पर है। कहा कि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी बेलगाम हो चुके हैं।
बेलड़ा प्रकरण में जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात कर जिले के पुलिस अधिकारियों को हटाने और निर्दोष लोगों पर कार्रवाई न करने की मांग की जाएगी। साथ ही पीड़ित परिवार को 25 लाख का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की जाएगी।

# मुख्यमंत्री ने धामी सीमांत गावों के लिए साइक्लिंग अभियान दल को किया रवाना



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीमांत गावों के भ्रमण के लिए जा रहे निम के एमटीबी साइक्लिंग अभियान दल को शुक्रवार को फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। शुक्रवार को कैंप कार्यालय मुख्यमंत्री आवास से मुख्यमंत्री धामी ने वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए साइक्लिंग अभियान दल को रवाना किया। लगभग 1064 किलोमीटर की साइक्लिंग की जायेगी।

अभियान में कुल 06 सदस्य हैं। यह अभियान प्रदेश के 11 जिलों से गुजरेगा। इस अभियान के दौरान गढ़वाल व कुमाऊं दोनों मण्डलों में स्थित गढ़वाल विश्वविद्यालय, कुमाऊं विश्वविद्यालयों के छात्रों एवं फैकल्टी मेंबर्स के साथ साहसिक क्रियाकलापों के साथ रोजगार का सृजन "एक भारत श्रेष्ठ भारत" की धारणा के साथ संवाद व परिचर्चा भी शामिल है।

निम केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई "वाइब्रेंट विलेज स्कीम" के अंतर्गत सीमांत गांव के व्यापक विकास और चिन्हित सीमावर्ती गांवों में रहने वाले लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार, स्थानीय स्तर पर रोजगार, पर्यटन को बढ़ाने, स्वस्थ भारत अभियान के तहत युवा वर्गों में साहसिक क्रियाकलापों के साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अभियान का आयोजन कर रहा है।

## मुख्यमंत्री से प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव व सलाहकार ने की मुलाकात

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को देहरादून स्थित मुख्यमंत्री आवास में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रमुख सचिव डॉ. पीके मिश्रा, सलाहकार अमित खरे, उप सचिव मंगेश घिल्डियाल ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रमुख सचिव डॉ. पीके मिश्रा ने मुख्यमंत्री धामी से प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट बद्रीनाथ मास्टर प्लान के अन्तर्गत संचालित पुनर्निर्माण कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने उन्हें उपहार स्वरूप



स्थानीय उत्पाद भेंट किए।

उल्लेखनीय है कि प्रमुख सचिव डॉ. पीके मिश्रा, सलाहकार अमित खरे, उप सचिव मंगेश घिल्डियाल ने चमोली पहुंच बद्रीनाथ में चल रहे पुनर्निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया था।

## डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मसूरी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुण्यतिथि पर याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। मसूरी स्थित एक होटल के सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर भाजपा कार्यकताओं ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

भाजपा मसूरी मंडल के पूर्व अध्यक्ष मोहन पेटवाल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता व अखंडता के लिए कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने हमेशा देश की एकता व अखंडता के लिए कार्य किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता मदन मोहन शर्मा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। वह धारा 370 के खिलाफ थे तथा उन्होंने एक देश एक निशान व एक संविधान के तहत कश्मीर में आंदोलन किया। डॉ. मुखर्जी संविधान सभा के सदस्य भी रहे व भारत के संविधान निर्माण में अहम भूमिका निभाई। ऐसे महान युग पुरुष के संकल्पों को साकार करने के लिए सभी को आगे बढ़कर कार्य करना चाहिए।

## कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग की समीक्षा

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड शासन के कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग के सचिव दीपक कुमार ने विकास भवन गोपेश्वर में सभी विभागों के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से की गई घोषणाओं की प्रगति समीक्षा, सीएम हेल्पलाइन में दर्ज प्रकरणों का रैंडम वेरीफिकेशन, एनआरएलएम/एनयूएलएम के तहत गठित एवं कार्यशील स्वयं सहायता समूहों का निरीक्षण एवं उनकी आय में हुए परिवर्तन का आंकलन, मनरेगा योजना के अन्तर्गत निर्मित विभिन्न प्रकार की योजनाओं की समीक्षा की।



सचिव ने संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में संचालित योजनाओं का कार्य समय से पूर्ण करें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को गड्ढा मुक्त सड़क की स्थिति एवं उसका सत्यापन करने के निर्देश दिये। उन्होंने कृषि विभाग से कृषि यंत्र, बीज और खाद वितरण, आर्गेनिक कृषि और परंपरागत कृषि आदि के विषय में वस्तु स्थिति की जानकारी ली। जनपद के सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की तैनाती तथा आम जनमानस को दी जा रही सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की।

## बेलड़ा गांव की घटना पर कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से कैम्प कार्यालय में मुलाकात की।

इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री से रूड़की ब्लाक अन्तर्गत बेलड़ा गांव में अनुसूचित जाति परिवार के साथ घटी घटना के बारे में चर्चा करते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिये जाने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने पुलिस प्रशासन से घटना की न्यायिक जांच कराते हुए महिलाओं, बच्चों के साथ मारपीट करने वाले दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने और राज्य सरकार से मृतक के पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

## गणेश जोशी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजली

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राजपुर स्थित मुखर्जी पार्क में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक और राजनीतिक चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आयोजित पुष्पांजलि एवं गोष्ठी कार्यक्रम में शुक्रवार को प्रतिभाग किया। गोष्ठी से पहले मंत्री ने डॉ मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली अर्पित की।



मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पूरा जीवन राष्ट्र की एकता और अखंडता को समर्पित रहा। वे अपने सिद्धांतों से कभी पीछे नहीं हटे। उनका राजनीति और शिक्षा के क्षेत्र में अहम योगदान रहा है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अखंड और एक भारत के लिए कश्मीर को देश की मुख्यधारा में लाना चाहते थे। उन्होंने एक निशान, एक विधान और एक प्रधान का मत रखा था। धारा 370 को हटाने के लिए उन्होंने संघर्ष किया और अपने जीवन का बलिदान किया।

## न्यूज फ्लैश

### उत्तराखंड प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस के स्टार दिखाई देंगे

**देहरादून।** मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज आकाश मधवाल और पूर्व विकेट कीपर आदित्य तारे देहरादून में आयोजित हो रहे उत्तराखंड प्रीमियर लीग में हिस्सा लेने वाले हैं उत्तराखंड में घरेलू टी20 लीग के 18 मैचों में कुछ छः टीमें हिस्सा ले रही हैं। इन सभी मैचों की लाईव स्ट्रीमिंग फैनकोड कर रहा है। इस लीग की शुरूआत 22 जून को हुई थी और यह 30 जून तक चलेगी। मैच शाम को 3:30 बजे और 7:30 बजे खेले जा रहे हैं। ये सभी मैच देहरादून के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले जा रहे हैं। इस टूनार्मेंट के बारे में मधवाल ने कहा कि मैं लीग के लिए बहुत उत्साहित हूँ। इसने उभरते हुए खिलाड़ियों को सामने आने का एक मंच दिया है। यहाँ तक कि आईपीएल वाले भी हमेशा नई प्रतिभाओं की तलाश में रहते हैं। यहाँ सभी खिलाड़ी कड़ी मेहनत कर रहे हैं, और कौन जानता है कि उत्तराखंड का अगला स्टार कहीं हमारी लीग से ही निकल आए। पूर्व मुंबई कप्तान आदित्य तारे ने कहा कि वो युवाओं के साथ खेलने और उनके विकास में अपना योगदान देने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में काफी प्रतिभा छिपी है। ये लीग उन्हें आगे बढ़ने का सही अवसर प्रदान करेंगी। इस लीग का प्रसारण फैनकोड कर रहा है, जिससे और ज्यादा खिलाड़ियों को आगे आने का प्रोत्साहन मिलेगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छः टीमें नैनीताल निंजा, देहरादून दबंग, टिहरी टाईटंस, उधम सिंह नगर टाईगर्स, हरिद्वार हीरोज और पिथौरागढ़ चैंप्स हैं इसके 15 मैच राउंड रॉबिन फॉर्मेट में खेले जाएंगे, और सर्वोच्च 4 टीमें सेमीफाईनल्स में फाईनल के लिए प्रतियोगिता करेंगी। क्रिकेट फैंस ये मैच फैनकोड के मोबाईल ऐप (एन्ड्रॉयड, आईओएस), एन्ड्रॉयड टीवी पर उपलब्ध टीवी ऐप, एमेजॉन फायर स्टिक, जियो एसटीबी, सैमसंग टीवी, एयरटेल एक्सट्रीम, ओटीटी प्ले और फैनकोड.कॉम पर देख सकते हैं।

### पापा की जादूई पॉकेट का सेक्रेट बताया

**देहरादून।** एक पिता अपने बच्चों की सुरक्षा और भरण–पोषण के लिए हर संभव प्रयास करता है, बाधाओं को आड़े नहीं आने देता। और वह हमेशा एक रहस्यमयी तरीके से इन कार्यों को करता है। इस फादर्स डे पर, भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए) ने जादूई पॉकेट का सीक्रेट नामक एक विशेष डिजिटल अभियान शुरू किया। फिल्म पर टिप्पणी करते हुए, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य विपणन अधिकारी, गिरीश कालरा ने कहा, कि परिवार का भरण–पोषण करने वाले व्यक्ति के रूप में, एक पिता मौन रूप में कई त्याग करता है ताकि उसके बच्चे सुरक्षित रहें और उनकी अच्छी देखभाल हो।

## महा जनसंपर्क अभियान के तहत मंडी में व्यापारियों से मिले भाजपा नेता

**8 पुंडीर ने विश्वास दिलाया कि सरकार किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चे के नेताओं ने महा जनसंपर्क अभियान के तहत शुक्रवार को देहरादून सब्जी मंडी में मंडी व्यापारियों के साथ संपर्क किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर पुंडीर ने सभी व्यापारियों को विश्वास दिलाया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों



की समस्याओं को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। साथ ही मंडी के द्वारा किसानों को सीधा लाभ प्राप्त हो सके ऐसी योजनाएं केंद्र व प्रदेश सरकार के द्वारा लाई जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 9 वर्षों में सबका साथ सबका विकास के मंत्र को लेकर आम जनमानस के लिए जितने भी लाभकारी योजनाएं लाई जा रही हैं वह सभी समाज के अंतिम व्यक्ति तक को समर्पित हैं।

देहरादून मंडी के अध्यक्ष कुलदीप बुटोला ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के भविष्य की चिंता करते हुए किसान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को कई लाभ उपलब्ध करा रही है।

## केदारनाथ जा रहे यात्रियों की कार खाई में गिरी, एक की मौत,

**देहरादून**
उत्तराखंड के श्रीनगर में शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हो गया। मलेथा-टिहरी राजमार्ग पर यात्रियों की कार खाई में गिर गई। इस दौरान एक यात्री की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, घटना शुक्रवार दोपहर करीब चार बजे की है। एक ही परिवार के छह लोग डुंडा(उत्तरकाशी) से केदारनाथ की यात्रा पर जा रहे थे। डांगचौरा के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्याम प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के नगर पंचायत पोखरी के देवस्थान में शुक्रवार को भाजपा कार्यकताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई। देवस्थान में नगर मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राणा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के दौरान कार्यालय प्रभारी विनोद कनवासी ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर के लिए अपना बलिदान दिया। जम्मू-कश्मीर के साथ



भारत में एकता और अखंडता की भावना के लिए संघर्ष किया। वर्तमान पीढ़ी के लिए हमेशा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रेरणा के स्त्रोत बने रहेंगे।

नगर मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राणा और नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद पंत ने कहा कि देश की एकता एवं अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले श्यामा प्रसाद मुखर्जी महान नेता थे। जिन्होंने एक निशान एक विधान तथा एक प्रधान का सपना देखा था। उसे पूरा करने में अपना संपूर्ण जीवन भारत की एकता और अखंडता के लिए समर्पित कर दिया थी। वे सदैव सबके प्रेरणा स्त्रोत बने रहेंगे।

## चमोली में 52 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक की स्थापना के लिए भूमि हस्तांतरण को मंजूरी

**8 इसको लेकर वर्षों से लंबित पड़ी 3 हजार वर्ग मीटर भूमि हस्तांतरण के मामले को शासन ने मंजूरी दे दी है**

**देहरादून/चमोली**
सीमांत जनपद चमोली में आमजन को स्वास्थ्य लाभ मुहैया कराने के मद्देनजर जिला अस्पताल गोपेश्वर में जल्द ही 52 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक की स्थापना की जाएगी। इसको लेकर वर्षों से लंबित पड़ी 3 हजार वर्ग मीटर भूमि हस्तांतरण के मामले को शासन ने मंजूरी दे दी है।

यह जानकारी स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने दी है। उन्होंने विगत माह में चमोली भ्रमण के दौरान यह पाया था कि जिला अस्पताल गोपेश्वर में जगह की कमी के कारण क्रिटिकल केयर ब्लॉक स्थापित नहीं हो पा रहे थे, जिसके कारण अति गंभीर रोगियों को इलाज मुहैया कराने में खासी परेशानी देखी जा रही थी। आमजन को स्वास्थ्य लाभ के लिए अन्य जनपदों में जाना पड़ रहा था।

मामले का संज्ञान लेते हुए तुरंत शासन में संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।



जिसके बाद जिला अस्पताल के समीप भूमि का हस्तांतरण पीडब्ल्यूडी से स्वास्थ्य विभाग को कर दिया गया है। शीघ्र ही हाईटेक इक्विपमेंट से सुसज्जित 52 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक की स्थापना करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए जाएंगे और जल्द ही आमजन को स्वास्थ्य लाभ उन्हीं के गृह जनपद में मिलने लगेगा। स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने बताया कि क्रिटिकल केयर ब्लॉक की स्थापना के लिए विभागीय स्तर पर कार्य शुरू हो गया है। पहाड़ी जनपद में आपदा और दुर्घटना की संभावनाएं हमेशा बनी रहती हैं। ऐसी स्थिति में क्रिटिकल केयर ब्लॉक आमजन, पर्यटक, धार्मिक पर्यटक, साहसिक खेल प्रेमियों की लाइफ सेविंग में वरदान साबित होगा।

## स्टिंग ऑपरेशन मामले में पूर्व सीएम हरीश रावत समेत चार को नोटिस जारी करने का आदेश

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
बहुचर्चित स्टिंग ऑपरेशन 2016 मामले में सीबीआई कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत, कांग्रेस विधायक मदन सिंह बिष्ट और स्टिंग ऑपरेशन से जुड़े उस समय पत्रकार वर्तमान में विधायक उमेश कुमार को अपनी-अपनी आवाजों का नमूना देने का नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। सीबीआई के जांच अधिकारियों की ओर से इस आशय का अनुरोध सीबीआई कोर्ट से किया गया था,

जिस पर सीबीआई कोर्ट ने इन चारों की आवाजों के नमूने लेने का आदेश दिया है। इस आदेश पर इन चारों को नोटिस जारी किया जाएगा।

सीबीआई के विशेष न्यायाधीश धर्मेंद्र सिंह अधिकारी की अदालत में इस



प्रकरण की सुनवाई 20 जून को हुई थी, जिस पर जांच अधिकारियों द्वारा इस आशय की मांग की गई थी। सीबीआई अधिकारी सियाराम मीणा तथा निरीक्षक एसके वर्मा की ओर से अदालत में आवेदन दिया गया था। इसके माध्यम से हरीश रावत, डॉ. हरक सिंह रावत, उमेश कुमार तथा मदन सिंह बिष्ट की आवाज का नमूना लेने की अनुमति मांगी गई थी। बताया गया कि अदालत ने 8 जून को इन लोगों को नोटिस भी जारी किए थे, लेकिन अब तक यह नोटिस इन्हें नहीं मिल पाए थे जिसके बाद अदालत ने दोबारा नोटिस जारी करने के साथ प्रबल पैरवी करने का सीबीआई को आदेश दिया। इस प्रकरण की अगली सुनवाई 4 जुलाई को होनी है।

सीबीआई ने दून शाखा के बजाए एनसीआर में यह मामला दर्ज किया था। सुनवाई के लिए वहां की टीम कोर्ट में उपस्थित हो रही है।

इस प्रकरण में डॉ. हरक सिंह रावत पर अपनी ही सरकार को गिराने के आरोप लगे थे। इस आरोप की गूंज 2016 में राष्ट्रीय स्तर पर हुई थी। इस मामले में उस समय एक मीडिया संस्थान से जुड़े उमेश कुमार (वर्तमान निर्दलीय विधायक) ने हरीश रावत का एक स्टिंग किया था और इसी स्टिंग में यह सामने आया था कि इस मामले में विधायक मदन सिंह बिष्ट भी शामिल रहे।

साथ ही डॉ. हरक सिंह रावत का नाम भी आया था। उमेश कुमार ने जो वर्तमान में निर्दलीय विधायक है, ने यह दावा किया था कि हरीश रावत सरकार को बचाने के लिए विधायकों की हॉर्स ट्रेडिंग की जा रही है जिसमें रुपयों के लेने देन का दावा किया था। बाद में इस प्रकरण को जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया गया था।

इस संदर्भ में हरीश रावत का कहना है कि जब तक मेरे पांव और मुंह, दोनों चलेंगे, सीबीआई आदि दोस्त मेरे नजदीक रहेंगे ही रहेंगे।

हम प्रतिपक्ष हैं, मगर सरकारी एजेंसीज के विरोधी नहीं हैं, सहयोग रहेगा। मैं 1970-71, 72 में स्कूल का प्रबंधक, युवक कांग्रेस का जिला अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख जैसे पदों पर विराजमान हो चुका था। तब से लगभग 40-45 साल किसी न किसी पद को जो सत्ता को प्रभावित कर सकता है उसके निकट रहा। मैंने जो खोना था 2017 से 2022 तक खो चुका हूं। जितना सीबीआई आदि आगे बढ़ेंगे उतना कुहासा जो पैदा किया गया है, जो भ्रम प्रचारित किया गया है, वह छटेगा। भगवान केदार जो करते हैं वह अच्छा ही होता है।

